दैनिक जागरण
बरेली, बुधवार
9 अप्रैल, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4=24
PAGE NO: VI TOP

## एसआरएमएस के क्रिकेट और फुटबाल स्टेडियम में 19 अप्रैल तक खेले जाएंगे मैच

# श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट आज से, फुटबाल चैंपियनशिप 16 से

जागरण संवाददाता, बरेली : एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में नौ से 19 अप्रैल तक इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में कुल 21 स्कूलों की टीमें भाग लेंगी। इसी क्रम में 16 से 19 अप्रैल के बीच एसआरएमएस फुटबाल स्टेडियम में इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कुल 12 टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता में जीतने वाली टीम को नकद इनाम दिया जाएगा।

पिछले आठ वर्ष से श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करने वाला एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीईटी) इस बार इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट का भी आयोजन



क्रिकेट में 21 टीमें और फुटबाल टूर्नामेंट में बरेली में संचालित 12 टीमें खेलेंगी

कर रहा है। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन एवं बरेली फुटबाल एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त इन दोनों टूर्नामेंट में बरेली में संचालित 26 स्कूलों की 33 टीमें शामिल होंगी। दोनों प्रतियोगिताएं एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीईटी) स्थित क्रिकेट और फुटबाल स्टेडियम में होंगी। यह

### श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट

| | |
|---|---|
| टीम ग्रुप ए : मिशन एकेडमी, राधा माधव स्कूल, आरएन टैगोर स्कूल, बासुवरल सरस्वती स्कूल, पीएम श्री केवी एनईआर, हांडा पब्लिक स्कूल, एसआर इंटरनेशनल स्कूल, वेदी इंटरनेशनल स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, जीआरएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट फ्रांसिस कान्वेंट स्कूल। | टीम ग्रुप बी : आदर्श निकेतन स्कूल, नेशनल पब्लिक स्कूल, जीके सिटी मांटेसरी स्कूल, मुकुंद इंटरनेशनल स्कूल, जीडी गोयनका स्कूल, जेपीएम स्कूल, सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मानस स्थली स्कूल, सोबतीस पब्लिक स्कूल, विद्या वर्ल्ड स्कूल। |

### इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट

| | |
|---|---|
| टीम ग्रुप ए : आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग, मानस स्थली स्कूल, वेदी इंटरनेशनल स्कूल, पीएम श्री केवी एनईआर, सेक्रेड हार्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चाइल्ड केयर बिशप कान्वेंट स्कूल। | टीम ग्रुप बी : दिल्ली पब्लिक स्कूल, आर्मी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग, एसआर इंटरनेशनल स्कूल, विद्या वर्ल्ड स्कूल, एयरफोर्स स्कूल, जीआरएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल। |

जानकारी टूर्नामेंट की आयोजन समिति के आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा. सोवन मोहंती ने दी।

डा. मोहंती ने बताया कि क्रिकेट और फुटबाल दोनों में सभी टीमों को ए और बी दो ग्रुपों में रखा गया है। दोनों टूर्नामेंट नाकआउट आधार पर होंगे। दोनों ग्रुपों में टीमें ड्रा के आधार पर अपना मुकाबला खेलेंगी, जिसमें जीतने वाली टीम क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मैच खेलेगी।

क्रिकेट टूर्नामेंट में फाइनल सहित कुल 20 मैच होंगे, जबकि फुटबाल टूर्नामेंट में 11 मैच खेले जाएंगे। इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का आरंभ नौ अप्रैल बासुवरल सरस्वती और पीएम श्री केवी एनईआर के मैच से, जबकि इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट का आगाज 16 अप्रैल को मानस स्थली स्कूल और वेदी इंटरनेशनल स्कूल के मैच से होगा।